# बिहार सरकार
# पर्यटन विभाग

## संकल्प

विषयः—**बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, पटना के प्रभावशाली प्रशासन हेतु एक अपर प्रबंध निदेशक एवं एक महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं वित्त) अर्थात कुल 02 (दो) पदों के सृजन की स्वीकृति।**

सचिव, पर्यटन विभाग
0 6 JUL 2026
बिहार, पटना

पर्यटन विभाग, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना के अंतर्गत वर्तमान में एक प्रबंध निदेशक तथा एक महाप्रबंधक का पद प्रशासनिक नियंत्रण हेतु स्वीकृत है। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन के क्षेत्रों में प्राथमिकता के अनुसार नये—नये पर्यटकीय विकास संबंधित आधारभूत संरचनाओं का निर्माण तथा आने वाले पर्यटकों के सुख—सुविधा हेतु पर्यटकीय यात्रा पैकेज एवं अन्य कई कार्य प्राथमिकता के तहत किया जा रहा है। साथ ही बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लि०, पटना द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत की गई योजनाएँ का क्रियान्वयन किया जाता है। बिहार सरकार द्वारा उक्त किये जा रहे कार्यों का बेहतर पर्यवेक्षण, प्रबंधन तथा संचालन हेतु बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना के अंतर्गत प्रबंध निदेशक तथा महाप्रबंधक पद को पुनर्गठन करने की आवश्यकता महसूस हो रही थी।

2. इसके आलोक में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना द्वारा एक अपर प्रबंध निदेशक एवं एक महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं वित्त) पद का सृजन करने एवं वर्तमान में सृजित महाप्रबंधक के पद को महाप्रबंधक (प्रशासन) के पद के रूप में नामित करने के प्रस्ताव पर दिनांक—19.06.2026 को निदेशक मंडल का अनुमोदन प्राप्त किया गया था।

सचिव कोषांग
पर्यटन विभाग
डायरी सं. ..........................
दिनांक ..........................

3 उक्त अनुमोदन के आधार पर बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना के प्रभावशाली प्रशासन हेतु एक अपर प्रबंध निदेशक एवं एक महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं वित्त) अर्थात कुल 02 पदों को सृजित किया गया है। साथ ही पूर्व से स्वीकृत महाप्रबंधक के पद को महाप्रबंधक (प्रशासन) के रूप में नामित किया गया है।

4. अपर प्रबंध निदेशक का सृजित पद भारतीय प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव एवं समकक्ष स्तर तथा महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं वित्त) का सृजित पद बिहार प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव एवं समकक्ष स्तर के होंगे। सृजित पदों की विवरणी निम्नवत है :—

ज्ञापांकः—पर्य० विविध— 27 / 2017................ दिनांक ........................

प्रतिलिपिः— प्रभारी पदाधिकारी, वित्त विभाग (ई—गजट प्रशाखा) बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के अगले असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह०/—
सरकार के सचिव,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः—पर्य० विविध— 27 / 2017...1842... दिनांक 06.07.26

प्रतिलिपिः— महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना/वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, पटना/मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/ सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/माननीय मंत्री, पर्यटन के आप्त सचिव/सचिव, पर्यटन के प्रधान आप्त सचिव/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना/निदेशक, पर्यटन निदेशालय, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता/महाप्रबंधक, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना एवं विभागीय आई०टी० मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

6/7/2026